तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

10 सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीका...



10 नशामुक्त समाज के लिए सबका सहयोग जरूरी




# जिला नागरिक अस्पताल में दवाओं की कमी मरीजों पर पड़ रही भारी

## दवाओं के विकल्प के तौर पर चलाया जा रहा काम, अस्पताल में गैस की एम्प्राजोल तक की दवा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में दवाओं की कमी मरीजों पर भारी पड़ रही है। बुधवार को जब ओपीडी के बाद मरीज दवा के लिए लंबी लाइनों में लगे तो उन्हें पूरी दवाएं नही मिली और इन दवाओं को लेने के लिए बाहर का रास्ता दिखाया गया। हालांकि चिकित्सा अधिकारियों का कहना था कि वेयर हाउस कैथल से दवाओं की डिमांड की गई है और वो उपलब्ध हो जाएंगी। जिसके बाद मरीजों को कोई परेशानी नही आने दी जाएगी। नागरिक अस्पताल में मानसिक रोगियों की कई तरह की दवाइयां खत्म हैं। तो कई कम हैं। इसी तरह एम्पराजोल, मिथाइलकोलाबाइन, एल्परेक्स, रैनटैक, पेन किलर एमआर, कोमीफ्लेक्स, खाली पेट, नींद व दर्द की दवा खत्म हैं। हालांकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा इन दवाओं के विकल्प के तौर पर काम चलाने की बात कही जा रही है लेकिन बुधवार को जो लोग लाइनों में लगे उन्हें चिक्त्सिकों द्वारा लिखी गई दवाएं उपलबध नही हुई। हालांकि सबसे ज्यादा परेशानी मानसिक रोगियों को हुई। क्योंकि मानसिक रोगियों की दवाओं का न तो कोई विकल्प है। जिसके चलते मजबूरन इन दवाओं को बाहर से ही लेना पड़ेगा। नागरिक अस्पताल में दवाइयां खत्म होने पर विकल्प के तौर पर जन औषधि केंद्र खोला गया है ताकि अस्पताल में दवाई खत्म होने पर जन औषधि केंद्र से सस्ते दामों पर मरीजों को दवाइयां मिल सकें लेकिन यहां भी पर्याप्त दवाएं नही है। जिसके चलते मरीजों को मजबूरन बाहर से ही दवाइयां लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।





वह पर्ची, जिसमें लिखी एक भी दवा नही मिली व ओपीडी के लिए लाइन में लगे मरीज।

### डिमांड भेजीः डॉ. रघुवीर पूनिया

प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के उपचार के लिए लगभग सभी तरह की दवाइयां हैं। जिन दवाइयों की कमी सामने आई थी, उनकी डिमांड भेजी जा चुकी है। वीरवार तक अस्पताल में यह दवाइयां पहुंच जाएंगी। इसके बाद मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। कैथल से वेयर हाउस से दवाइयों की सप्लाई होती है। कैथल वेयर हाउस को अवगत करवा दिया गया है।

### 1800 तक की ओपीडी

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 1800 तक की ओपीडी होती है। सोमवार को यह ओपीडी दो हजार से पार तक पहुंच जाती है। वहीं छुट्टी से अगले दिन भी यह संख्या दो हजार के पार रहती है। इतनी संख्या में मरीजों को प्रतिदिन दवाइयां देने से कई बार दवाइयां खत्म भी हो जाती हैं। नागरिक अस्पताल में दवाइयां स्वास्थ्य विभाग के कैथल में स्थित वेयर हाउस से आती हैं। दवाइयों का संकट ऐसा भी हो जाता है, जब वेयरहाउस में भी दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर से गिर कर मजदूर की मौत

जींद। नरवाना कैची मोड़ पर ट्रैक्टर से गिर कर नीचे आने से मजदूर की मौत हो गई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुलजारपुर ठरवा पातड़ा पंजाब निवासी रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा राहुल (21) मजदूरी करता था। गत दिवस गांव का ही सोनू उसे पराली लोड करने के लिए लेकर गया था। शाम को गांव कुरड़ से पराली लोड की चुरू राजस्थान जा रहा था।

### नाबालिगा को भगा ले जाने का आरोपी दबोचा

कैथल। नाबालिगा को शादी का झांसा देकर बहका-फुसला कर भगा ले जाने तथा दुराचार मामले की जांच थाना सिविल लाइन पुलिस की पीएसआई पीएसआई बबीता की टीम द्वारा करते आरोपी पाई निवासी अभिषेक को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल की एक कॉलोनी निवासी महिला की शिकायत अनुसार उसकी 15 वर्षीय बेटी 17 मार्च की सुबह करीब 2 बजे घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों को अनुसार उसे पाई निवासी सेकी उपरोक्त बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

जींद। अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नगूरां निवासी शेखर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त के साथ बाइक से घर लौट रहा था। गांव हसनपुर के निकट तेजरफतार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह दोनों घायल हो गए। वहीं गांव खरल के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार खरल निवासी बिंटू घायल हो गया।

### साध्वी-महंत से मारपीट सरपंच पर मामला दर्ज

जींद। गांव इस्माइलपुर डेरे के मंहत तथा साध्वी के साथ मारपीट करने तथा गाली गलौज करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव के सरपंच के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। इस्माइलपुर डेरा बाबा दुदकर मंदिर की साध्वी सीतागिरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह डेरे के महंत महादेव गिरी की केयर टेकर है। गत दिवस गांव का सरपंच सुरेश डेरे में आया और उन दोनों के साथ गाली गलौज करने लगा।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी

जींद। विकास नगर में चोरों ने एक मकान से सोना व चांदी के जेवरात तथा नकदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विकास नगर निवासी पुरूषोत्तम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की गत दिवस वह कार्यवश बाहर चला गया था। पीछे से चोरों ने उसके मकान से बीस हजार रुपये की नगदी तथा सोने, चांदी के जेवरातों को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह घर लौटा और सामान बिखरा पड़ा मिला था।

### कन्या गुरूकुल में कमरों के निर्माण को दिए 2. 22 लाख

उचाना। करसिंधु के सतबीर उर्फ सत्तड़ नंबरदार ने बेटे की शादी में अपनी मां, पत्नी की याद में कन्या गुरूकुल खेड़ा में दो कमरों के निर्माण के लिए 2.22 लाख रुपये की राशि दी। कमरों के निर्माण के लिए सहयोग राशि देकर बेटियों की शिक्षा की मुहिम को आगे बढ़ाने का काम किया। इसकी प्रंशसा ग्रामीणों द्वारा की। सतबीर नंबदार के बेटे अंकित की शादी 29 मार्च को थी। इस दिन कन्या गुरूकुल में कमरा अपनी माँ भरमो देवी पत्नी रामकला नंबरदार , पत्नी स्व. रानी देवी के नाम से देने की बात कही।

# सेब सप्लाई का झांसा देकर कारोबारी से हड़पे 43 लाख

## तीन के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

फल फ्रूट व्यापारी को सेब भेजने को झांसा देकर 43 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने व्यापारी की शिकायत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राजथल हाल अर्बन एस्टेट निवासी जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फल फ्रूट का कारोबार करता है। जिसके चलते वर्ष 2025 में उसका संपर्क आरडी कपंनी के मालिक बाड़मेर निवासी नवल किशोर तथा सुनील बैनीवाल से हुआ। आरोपितों ने कृषि उत्पादों, जिसमें आयतित सेब भी शामिल का कारोबार बताया। आरोपितों ने आयतित सेब आपूर्ति करने की बात कही। आरोपित ने मैसर्ज आरडी बैनीवाल के व्यापार को सांझा किया। जिसके बाद फर्म का खाता दिया। आरोपितों ने फिर तीसरे आरोपित तसलीम खान से मिलवाया। जिसको पूरा कारोबार देखने वाला बताया। जिसके बाद तीनों के साथ फोन पर बातचीत होने लगी। जिसने आयतित सेब की आपूर्ति का आश्वासन दिया। अक्टूबर 2025 में उसने आरोपितों के खाते में 48 लाख ट्रांसफर कर दिए। बावजूद इसके आरोपितों ने सेब की आपूर्ति नही की। जिसके बाद उसने दबाव डाला तो आरोपितों ने पांच लाख वापस कर दिया। लंबे समय तक सेब आपूर्ति न करने तथा रुपये न लौटाने पर दबाव डाला तो उन्होंने राशि को लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### मामले की जांच जारी

सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी ओमबीर ने बताया कि सेब सप्लाई का झांसा देकर राशि हड़पने की शिकायत मिली थी। फिलहाल तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बैंक कर्मी को लगाया ग्यारह लाख का चूना

जींद। साइबर ठगों ने बैंक कर्मी को करोना काल बीमा पॉलिसी के नाम पर 11 लाख का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने बैंक कर्मी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बहबलपुर निवासी आनंदपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पीएनबी बैंक उचाना में हैड कैशियर के पद पर ड्यूटीरत है। गत पांच फरवरी को उसके पास कॉल आई। जिसने बताया कि वह मुंबई आफिस सूर्यकांत बोल रहा हूं। आपकी मेट लाइफ पॉलिसी में करोना टाइम में 19 लाख का अतिरिक्त लाभ आया है। जिसके क्लेम के लिए आपको कुछ डिटेल शेयर करनी है। जिसके लिए आपको साढ़े 34 हजार रुपये रिफंडेबल तथा एक लाख 16 हजार 700 रिफंडेबल जमा करवाने हैं।

## गेहूं खरीद से पहले मंडी में अव्यवस्थाओं पर भड़के विधायक सतपाल जांबा

# मंडी में मिला बिल्डिंग मटेरियल नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

## मार्केट कमेटी सचिव को साफ-सफाई की व्यवस्था तुरंत दुरुस्त करने के आदेश

पूंडरी अनाज मंडी में तीन सरकारी एजेंसियां खरीदेंगी गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

पूंडरी की अनाज मंडी में गेहूं खरीद सीजन से पहले व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे विधायक सतपाल जांबा ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और मौके पर पाई गई अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान मंडी में सफाई व्यवस्था ठीक न होने और कई दुकानों के आगे सरिया, सीमेंट, पत्थर व अन्य बिल्डिंग मटेरियल पड़ा होने पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। विधायक जांबा ने मौके पर मौजूद मार्केट कमेटी सचिव को निर्देश देते कहा कि मंडी में साफ-सफाई की व्यवस्था तुरंत दुरुस्त की जाए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अनाज मंडी किसानों के लिए बनाई गई है, न कि यहां किसी प्रकार की कमर्शियल गतिविधियां चलाई जाएं। मंडी परिसर में पड़ा अतिरिक्त सामान जैसे सीमेंट, सरिया, बजरी आदि को तुरंत हटाने और संबंधित लोगों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीद किसी भी समय शुरू हो सकती है, ऐसे में सभी अधिकारी पहले से पूरी तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विशेष रूप से बुजुर्ग किसानों की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने बताया कि पूंडरी क्षेत्र के किसान चाहें तो सोलू माजरा स्थित अदानी साइलो में भी अपनी गेहूं की फसल डाल सकते हैं। इसके अलावा मंडी में भी खरीद के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। पूंडरी अनाज मंडी में तीन सरकारी खरीद एजेंसियों के माध्यम से गेहूं की खरीद की जाएगी और इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



पूंडरी। अनाज मंडी का दौरा कर अधिकारियों को निर्देश देते विधायक सतपाल जांबा।

### ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान विधायक ने सोलू माजरा स्थित अदानी गोदाम का भी दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर डीएफसी कैथल, अनाज मंडी पूंडरी के प्रधान धनपत बरसाना, पूर्व प्रधान ध्यानचंद, जिला पार्षद जितेंद्र टाया, मनोज जांबा, संजीव कत्याल, कमेटी से हिमांशु सहित कई आढ़ती मौजूद रहे।

## किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिएः रजा

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने रबी फसल खरीद प्रक्रिया को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता किसानों को सुगम, पारदर्शी एवं व्यवस्थित खरीद प्रक्रिया उपलब्ध करवाना है। बुधवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने स्थानीय नई अनाज मंडी जींद का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिले में रबी फसल पूरी तरह पक कर तैयार है और शीघ्र ही मंडियों में आवक शुरू हो जाएगी। ऐसे में सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि खरीद प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त कर ली जाएं। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि मंडियों में साफ.-सफाई की उचित व्यवस्था रहे तथा नालों की समय पर सफाई करवाई जाए ताकि किसी प्रकार की जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अनाज मंडी और खरीद केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत होने चाहिए। जिससे पूरी खरीद प्रक्रिया की निगरानी पारदर्शी तरीके से की जा सके। इसके अतिरिक्त गेट पास प्रणाली और बायोमैट्रिक व्यवस्था को भी प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

### गांव बहादुगढ़ में व्यक्ति ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

जींद। गांव बहादुगढ़ में निजी अकादमी कबड्डी कोच से परेशान हो कर व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर कोच के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बहादुरगढ़ निवासी सीताराम (40) ने बुधवार को सुबह अपने पशुबाड़े में फांसी का फंदा लिया। काफी देर तक घर ने आने पर परिजनों ने जब पशुबाड़े पहुंच कर देखा तो सीता राम फांसी के फंदे पर लटका हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के भाई हरिओम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी भतीजी गांव में कबड्डी अकेडमी चलाने वाले कोच प्रेम के पास कोचिंग लेने जाती थी।



जींद। गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगे उपभोक्ता। फोटो :हरिभूमि

### जमाखोरी को रोकने के लिए टीमें गठित : डीसी

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि गैस वितरक ग्रामीण आंचल में होम डिलवरी की सुविधा शुरू करें ताकि ग्रामीणों को गैस सिलेंडर लेने के लिए शहर में न आना पड़े। सभी एजेंसी अपने प्रतिदिन के उपलब्ध सिलेंडरों के स्टॉक की जानकारी एजेंसी के बाहर चस्पा करें। जिससे आमजन को पूरी जानकारी मिले और भ्रांति नहीं फैले। जमाखोरी व कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टीमों का गठन किया गया है। आमजन अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडरों का स्टॉक जमा नहीं करेंए अगर कहीं पर अवैध स्टॉक पाया जाता है तो सम्बन्धित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सभी गैस वितरकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दें रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर किसी गैस वितरक का कर्मी अनावश्यक रूप से कालाबाजारी संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही करें।

### एबीवीपी ने महाविद्यालय प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

जींद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य को मुख्यमंत्री नायब सैनी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मुख्य रूप से पिछले तीन वर्षों से ओबीसी वर्ग तथा एक वर्ष से एससी वर्ग के विद्यार्थियों की लंबित छात्रवृत्ति राशि को जल्द से जल्द जारी करने की मांग की गई। एबीवीपी राजकीय कॉलेज जींद इकाई अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि वर्ष 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 सत्र के ओबीसी विद्यार्थियों को अभी तक उनकी छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसी प्रकार एससी वर्ग के विद्यार्थियों की भी पिछले वर्ष की छात्रवृत्ति लंबित है। इस कारण आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# स्पा सेंटर पर पुलिस की रेड 7 युवतियों सहित नौ पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

पुलिस की टीम ने बुधवार को पुराना बस स्टैंड के पास स्पा सेंटर पर रेड की। जिससे हड़कंप मच गया तथा युवा इधर उधर दौड़ने लगे। पुलिस ने मौके से कई लड़कियों और लड़कों को मौके से पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि स्पा सेंटर में मसाज की आड़ में देह व्यापार जैसा अनैतिक कार्य करवाया जा रहा था। डीएसपी हेड क्वार्टर वीरभान व दुर्गा शक्ति की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची और केंद्र पर रेड की। वहां पर सात युवतियां और दो युवक केंद्र में पाए गए। पुलिस की टीम सभी को पकड़कर गाड़ी में बैठाकर सिविल लाइन थाना ले गई, जहां पर उनसे पूछताछ की गई। हालांकि पुलिस धरे गए युवक व युवितयों से मौके पर ही पूछताछ करने लगी थी लेकिन उसी समय वहां पर ज्यादा भीड एकत्रित हो गई। सिविल लाइन थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पुराने बस स्टैंड के पास हनी बी मसाज सेंटर में मसाज की आड़ में अनैतिक कार्य करवाया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेड की। रेड के दौरान केंद्र में सात युवतियां व दो युवक पाए गए।

### दो बुलेट चालकों का 40 हजार रुपये का चालान

कैथल। थाना राजौंद पुलिस प्रभारी एसआई सतपाल की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा राजौंद अस्पताल के पास बुलेट से पटाखे बजा रहे चालक को काबू किया, उक्त बाइक पर पिछली नंबर प्लेट भी नहीं थी। उक्त चालक आरसी, लाइसेंस नहीं पेश कर सका व साइलेंसर भी मॉडिफाइड पाया। बाइक का 28 हजार का चालान कर नियमानुसार कार्रवाई दौरान बाइक को इंपाउंड कर लिया गया। अन्य मामले में राजौंद पुलिस द्वारा खुरडा से बुलेट को पकड़ा , जिसका 12 हजार का चालान किया गया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि बुलेट से पटाखे बजाना न केवल कानूनन प्रतिबंधित हैं बल्कि आमजन के स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए भी हानिकारक हैं। इससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है और ध्वनि प्रदूषण से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## चारदीवारी, घाटों का सौंदर्यीकरण, पैवर ब्लॉक, रंगीन लाइटिंग व बैठने की आधुनिक सुविधाएं होंगी विकसित

# गांव रसूलपुर शिव मंदिर के पौराणिक तालाब के जीर्णोद्वार के लिए 35 लाख रुपये का बजट मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

गांव रसूलपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में बने पौराणिक तालाब के जीर्णोद्वार व सौंदर्यीकरण के लिए 35 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। लंबे समय से उपेक्षा का शिकार इस तालाब के विकास कार्य शुरू होने से अब ग्रामीणों में खुशी की लहर है और इसे गांव के धार्मिक सामाजिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार परियोजना के तहत तालाब के चारों ओर मजबूत व सुरक्षित चारदीवारी का निर्माण किया जाएगा, जिससे तालाब की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते घाटों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जहां लोग सुरक्षित तरीके से स्नान व पूजा-अर्चना कर सकेंगे। तालाब के आसपास पैवर ब्लॉक बिछाकर साफ-सुथरा व आकर्षक वातावरण तैयार किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि इस तालाब का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रहा है, जहां वर्षों से लोग पूजा-अर्चना व विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते आए हैं। अब इसके जीर्णोद्वार से न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बलवंत सिंह नंबरदार, संजय सिंह, राजपाल गुर्जर, धर्मपाल, जरनैल सिंह, राजपाल उर्फ काका, कृष्ण गुर्जर, मंदिर के पुजारी नवदीप बहुगुणा, महंत किशोर गिरी सहित दर्जनों लोगों ने तालाब के जीर्णोद्वार कार्य को गांव के विकास की दिशा में सराहनीय पहल बताया।



कैथल। बरामद किया गया पीड़ित पुलिस टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि

### नौ साल बाद व्यक्ति को परिजनों से मिलाया

कैथल। हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन स्माइल' अभियान के तहत ऑपरेशन स्माइल' पुलिस टीम द्वारा वर्ष 2017 में लापता हुए एक व्यक्ति को 9 साल बाद ढांड क्षेत्र से बरामद कर उसके परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव पाई की महिला कमला ने वर्ष 2017 में अपने 35 वर्षीय पुत्र प्रकाशा के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया था कि उनका पुत्र मानसिक रूप से अस्वस्थ है और 22 अक्टूबर 2017 को खेत से अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग पाया था। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया था। 'ऑपरेशन स्माइल' पुलिस टीम में शामिल पीएसआई सुमित, एसआई ईश्वर सिंह, एसआई राजेंद्र कुमार, लेडी एचसी सरोज, सिपाही मंदीप व महिला सिपाही सोनिया की टीम द्वारा ढांड क्षेत्र से उक्त व्यक्ति को बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण ब्रह्म सरोवर के आसपास रह रहा था। पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

**खबर संक्षेप**

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता कार्यक्रम

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र जाजवान में टीकाकरण कैंप के बाद बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, युवतियों एवं अभिभावकों को बेटियों के महत्व, शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा एवं रीनू शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां परिवार और समाज की नींव होती हैं।

### हवन के साथ नए सत्र की शुरूआत

**जींद।** अहिरका गांव के आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए सत्र की शुरूआत बच्चों से मुख्य द्वार पर रिबन कटवा कर की गई। अध्यापकों ने सभी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। सभी बच्चों को चॉकलेट खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाकर नए सत्र की शुरुआत की गई। सुबह की प्रार्थना सभा के बाद हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हवन का आयोजन किया गया। इसमें सूर्यदेव आर्य ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ ही हवन में आहुति दी गई। सभी बच्चों को अच्छा आचरण करने के लिए भी कहा गया।

### श्री सालासर महाराज व श्री खाटू श्याम संकीर्तन आज

**नरवाना।** नरवाना के पटेल नगर में मां बनभौरी सेवा मंडल द्वारा चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीसरा विशाल श्री सालासर महाराज व श्री खाटू श्याम जी का संकीर्तन व भंडारा बड़ी धूमधाम से वीरवार को मनाया जाएगा। दिनेश ने बताया कि ज्योत प्रज्जवलित बाबा गैबी साहब के महंत अजय गिरी महाराज व पीपल नाथ डेरे के महंत जागनाथ करेंगे। मंडल के प्रधान दिनेश शर्मा और उप प्रधान मिंकी चोपड़ा ने बताया कि इसमें भजन गायक बब्बू चावला, करण चावला कुरुक्षेत्र दीपक नरवाना व राजफूल कुचराना भजनों द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

### एचपीवी वैक्सीन के लिए लोगों का सहयोग जरूरी

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुलाना के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित पेरेंट्स टीचर मीटिंग में स्वास्थ्य कार्यकर्ता संदीप कुंडू ने अभिभावकों एवं स्कूल स्टाफ एचपीवी वैक्सीनेशन बारे अपील की। स्कूल प्रिंसिपल देवेंद्र फौगाट, सुरेश नैन, अंजू गांधी, अर्जुन सहरावत, पूजा शर्मा, मनीष हुड्डा, आशा वर्कर सुनीता एवं अभिभावक मौजूद रहे। उपस्थित जनसमूह को जागरूक करते संदीप कुंडू ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगवाना अत्यंत आवश्यक है।

### स्टेडियम से ग्रिल चोरी के तीन आरोपी दबोचे

**जींद।** पुलिस ने एकलव्य स्टेडियम से ग्रिल चोरी करने के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी पूजा ने बताया कि एकलव्य स्टेडियम से 25 मार्च को लोहे की ग्रिल चोरी हो गई थी। इसकी शिकायत जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने तकनीकी जांच व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर रामराये गेट निवासी अभिषेक को गिरफ्तार किया।

### न्यू प्रगति विद्यालय का वार्षिक परिणाम घोषित

**जींद।** न्यू प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाहौला का वार्षिक परिणाम दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसका आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या लाजवंती ढिल्लों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं‍ए जिन्होंने उपस्थित अभिभावकों अतिथियों का मन मोह लिया।

---

## एचपीवी वैक्सीन को लेकर छात्राओं को जागरूक किया

# सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीका सुरक्षित: विशाल

**स्वास्थ्य विभाग ने किशोरावस्था में ही सुरक्षा कवच देने की रणनीति बनाई : डा. विशाल**

**लड़कियों के लिए वैक्सीनेशन स्वैच्छिक और पूरी तरह मुफ्त**



**जींद।** छात्राओं व स्कूल स्टाफ को एचपीवी वैक्सीन को लेकर जागरूक करते डा. विशाल। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज. जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल डिफेंस कालोनी में एचपीवी वैक्सीन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डा. सुमन कोहली ने की जबकि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संदीप मलिक व अर्बन नोडल अधिकारी डा. विशाल सांगवान ने एचपीवी वैक्सीन को लेकर जागरूक किया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संदीप मलिक ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की यह पहल केवल एक टीकाकरण कार्यक्रम नही बल्कि आने वाली पीढ़ी को एक गंभीर और जानलेवा बीमारी से सुरक्षित करने की दिशा में व्यापक अभियान है। हर वर्ष सर्वाइकल कैंसर के मरीज सामने आते हैं। अगर समय रहते टीकाकरण करवाया जाए तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। इसी सोच के साथ सरकार व स्वास्थ्य विभाग ने किशोरावस्था में ही सुरक्षा कवच देने की रणनीति बनाई है। क्योंकि इस उम्र में लगाया गया टीका सबसे ज्यादा असरदार माना जाता है। इस अवसर पर स्कूल की ओर से अध्यापिका सुमन सहारण भी उपस्थित रही और उन्होंने अभिभावकों को इस अभियान से जुडने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में अबतक 13 बच्चियों को यह वैक्सीन लगाई जा चुकी है। अर्बन नोडल अधिकारी डा. विशाल सांगवान ने कहा कि एचपीवी वायरस महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। यह महिलाओं में होने वाले कैंसरों में प्रमुख स्थान रखता है। समय पर टीकाकरण से इस गंभीर बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। 30 वर्ष की उम्र के बाद इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। अभियान बेटियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम का उद्देश्य है सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से रोका जाए। यह टीकाकरण पूरी तरह स्वैच्छिक होगा और 14 साल की आयु की लड़कियों को गवर्नमेंट हेल्थ सेंटर पर मुफ्त लगाया जाएगा। खास बात यह है कि हर वैक्सीनेशन सेंटर ट्रेंड मेडिकल अधिकारियों की निगरानी में होगा और टीका लगने के बाद जरूरी ऑब्जर्वेशन होगा। कहा कि जींद जिले में स्वास्थ्य विभाग ने पात्र लाभार्थियों की पहचान कर ली गई है और वैक्सीनेशन शुरू की गई है। हमारी किशोरियों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीका वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित, प्रभावी एवं सुरक्षित है। मुख्य रूप से 14 वर्ष की लड़कियां (जिन्होंने अभी 15 वर्ष पूरे नहीं किए) हों के लिए वैक्सीनेशन स्वैच्छिक है और पूरी तरह मुफ्त है। अभिभावकों से अपील है कि अपनी बेटियों को इस जीवन रक्षक वैक्सीन से जरूर लाभान्वित करें। इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए नागरिक अस्पताल जींद में संपर्क कर सकते हैं।

## बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**राजकीय स्कूलों में मनाया प्रवेश उत्सव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



एक अप्रैल से स्कूल चले हम अभियान के तहत बुधवार को शिक्षा विभाग की और प्रदेश भर में प्रवेश उत्सवों का आयोजन राजकीय स्कूलों में किया जिला जींद के गांव रधाना के राजकीय हाई स्कूल में भी विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत यह अभियान धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के प्रवेश द्वार पर ही दाखिला लेने आए बच्चों का फूल मालाओं एवं तिलक लगाकर तथा मिठाई खिला कर किया स्वागत किया गया। जिससे बच्चे काफी खुश नजर आए और स्वागत से खुश हुए बच्चों ने बताया की उन्हें वें पांचवी कक्षा से छठी कक्षा में हुए है और उन्हें आज स्कूल इस प्रकार के स्वागत से बहुत अच्छा लगा और वे अब मन लगा कर शिक्षा ग्रहण करेंगें। स्कूल के मुख्याध्यापक रोहताश खर्ब ने बताया कि विभाग के आदेश अनुसार अप्रैल माह में प्रवेश उत्सव मनाया जाना है और उन्ही की अनुपालना में यह प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया है है। अन्य अध्यापकों ने भी बताया कि आज समूचा हरियाणा प्रवेश उत्सव मना रहा है और ये बच्चे प्राथमिक पाठशाला से पांचवी कक्षा पास कर छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आए हैं और इनका फूल मालाओं से स्वागत किया जा रहा है। अभिभावकों ने भी इस प्रवेश उत्सव को बेहतर करार देते अपने-अपने विचार प्रकट किए और बताया कि उन्हें आज कैसा लगा वहीं आज नई कक्षाओं में प्रवेश पाने वाले बच्चों ने भी अपनी खुशी का इजहार करते बताया कि आज के प्रवेश द्वार पर ही उनका फूल मालाओं से जो स्वागत किया गया है उससे उन्हें बहुत ही खुशी मिली है।

## धूमधाम से मनाया जाएगा आज हनुमान जन्मोत्सव

- एक माह से मंदिर प्रांगण की सजावट का कार्य चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

प्राचीन हनुमान मंदिर में चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा वीरवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही है। प्रधान रिपन गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग एक माह से मंदिर प्रांगण की सजावट का कार्य चल रहा है। पूरे मंदिर परिसर को रंगीन लाइटों से सजा दिया गया है। इस भव्य आयोजन पर प्रातः काल में हवन यज्ञ से कार्यक्रम की शुरुआत होगी उसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन रहेगा व भजन कीर्तन विशेष रूप से किया जाएगा। मान्यता है कि प्राचीन हनुमान मंदिर में जो भी भगत अपनी मुराद मांगता है वह कुछ ही दिनों में पूरी हो जाती है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में भगत यहां माथा टेकने आते हैं। दूर-दूर से भक्त यहां सवामणि लगाने आते हैं। हनुमान जन्मोत्सव पर हजारों की तादाद में यहां सवामणि लगती है। हनुमान मंदिर के पुजारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी बड़ी धूमधाम से चल रही है और भगत प्रतिदिन यहां पूजा अर्चना कर रहे हैं व भजन कीर्तन का भी आयोजन होता है।

### 20 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** नरवाना सीआइए पुलिस ने पीपलथा निवासी किशनलाल को 20 लीटर अवैध शराब के साथ काबू किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ इंचार्ज सुखदेव सिंह ने बताया कि उनकी टीम मुख्य सिपाही हरदीप सिंह के नेतृत्व में मंगलवार शाम को गांव पीपलथा के बस स्टैंड के पास गश्त पर थी। उन्हें सूचना मिली कि गांव पीपलथा निवासी किशनलाल गढ़ी से पिपलथा रोड पर नहर पुल के नीचे अवैध शराब लेकर जा रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरंत दबिश देकर किशनलाल को काबू कर लिया। जब उसकी तलाशी ली तो प्लास्टिक कैनी में 20 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है।

### रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर व्याख्यान

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा बुधवार को रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ डा. उपासना की अध्यक्षता में हुआ और उन्होंने छात्राओं को शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सोनी गोयल ने किया और छात्राओं को अनुसंधान के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डा. कोकिला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुसंधान पद्धति व शोध प्रारूप जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही यह बताया कि अनुसंधान कार्य वर्तमान में कितना उपयोगी है। इस कार्यक्रम से छात्राओं को शोध कार्य के प्रति जागरूकता और नई दिशा प्राप्त हुई। कार्यक्रम का समापन गोयल ने धन्यवाद के साथ किया।



**जींद।** व्याख्यान को संबोधित करते वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### स्कूल रीडीनेस मेले का आयोजन किया

**जींद ।** वार्ड नंबर 30 आश्रम बस्ती में कार्यकर्ता वंदना बत्रा ने अपने आंगनबाड़ी केंद्र में ब्लॉक समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) बबीता हुड्डा की देखरेख में स्कूल रीडीनेस मेले का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की संख्या बढ़ाना, अपने आसपास के लोगों को जागरूक करके बताना कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को खेल-खेल में गतिविधियों के माध्यम से सिखाया जाता है। इस आयोजन में मुख्यअतिथि के रूप में सतीश हरियाणवी वार्ड पार्षद व प्रधान पार्षद एसोसिएशन जींद व शशि कौशिक प्रिंसिपल गवर्नमेंट स्कूल वार्ड नंबर 30 जींद, बबीता जिला संयोजक प्ले स्कूल रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन वंदना डब्ल्यू डब्ल्यू ने किया।

### लंबित मामलों का गुणवत्ता के साथ निपटान करें

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में बुधवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में सीएम विंडो एवं समाधान प्रकोष्ठ पर लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि चार अप्रैल को सफीदों में प्रस्तावित रैली के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री स्वयं सीएम विंडो एवं समाधान प्रकोष्ठ पर लंबित शिकायतों की समीक्षा कर सकते हैं। इसलिए सभी विभाग सुनिश्चित करें कि लंबित शिकायतों का शीघ्र, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निपटान किया जाए। निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत ओवरड्यू नही रहनी चाहिए तथा सभी जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। एडीसी प्रदीप कुमार, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, सीटीएम मोनिका, आरटीए गिरीश कुमार आदि मौजूद रहे।



**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** यज्ञ में आहुति डालते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### अभिभावकों के आशीर्वाद से हर काम सफल : सिहाग

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में बुधवार को नव शुभारंभ हेतुर्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि की भूमिका में विद्यालय के चेयरमैन संदीप सिहाग ने शिरकत की। उन्होंने सभी छात्रों, अध्यापकों व अभिभावकों को नव सत्र की शुभकामनाएं दी तथा निरंतर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से नए छात्रों का स्वागत किया। इसमें बच्चों ने स्वागत गीत, नृत्य आदि के माध्यम से अपने भावों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में विद्यालय की निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि हमें किसी भी कार्य का आरंभ अपने अभिभावकों एवं अपने गुरूजनों के आशीर्वाद से करना चाहिए। यज्ञ, हवन हमारी भारतीय संस्कृति का सबसे पुनीत संस्कार है।

## आधी आढ़त पर आढ़तियों ने साइलों के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

गेहूं खरीद सीजन के दौरान सोलूमाजरा साइलो में आधी आढ़त लागू करने के निर्णय से ढांड अनाज मंडी के आढ़तियों में असंतोष व्याप्त है। इस मुद्दे को लेकर मंडी में आयोजित बैठक में आढ़तियों ने एकजुट होकर निर्णय लिया कि जब तक आढ़त संबंधी शर्तों में समानता नहीं लाई जाती, तब तक गेहूं की तुलाई मंडी परिसर में ही की जाएगी और साइलो को फसल नहीं भेजी जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मंडी प्रधान दीपक शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि आढ़ती मंडी व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा हैं, जो किसानों और खरीद एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। आढ़त में कमी से न केवल आढ़ती वर्ग प्रभावित होगा बल्कि खरीद प्रक्रिया की गति भी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में साइलो में आधी आढ़त का प्रावधान किया गया है, जो अन्य मंडियों के मुकाबले आधी है। इस स्थिति में आढ़तियों के सामने आर्थिक चुनौती खड़ी हो रही है। बैठक में आढ़तियों ने निर्णय लिया कि एफसीआई के माध्यम से साइलो में होने वाली खरीद का भी विरोध किया जाएगा। साथ ही सरकार से मांग की गई कि इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए आढ़तियों के हितों की रक्षा की जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रह सके।

## डिप्टी स्पीकर ने किया रोटरी व्हील का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** उद्घाटन करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। *फोटो :हरिभूमि*

स्थानीय रोटरी क्लब जींद मिडटाउन ने जींद-सफीदों मार्ग पर भगवान परशुराम चौक के साथ रोटरी व्हील का शुभारंभ उपाध्यक्ष हरियाणा विधानसभा डा. कृष्ण मिड्ढा, नगर पालिका अध्यक्ष अनुराधा सैनी व जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र दुहन, रोटेरियन आरएस सिंधवानी प्रोजेक्ट चेयरमैन व व रोटरीयन मायाराम देवली प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए संस्था सचिव अशोक शर्मा ने बताया कि रोटरी अंतरराष्ट्रीय संगठन जो सर्विस अबोव सेल्फ के सिद्धांत पर कार्यरत है। रोटरी संस्था का उदय सन 1905 में हुआ था और जब से लेकर आजतक यह संस्था समाज सेवा के कार्य में कार्यरत है। इसी संस्था द्वारा ही पूरे विश्व में पोलियो बीमारी का खत्म करवाया गया है। उन्होंने आए हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया और और कहा कि आपकी गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए प्रेरणा एवं सम्मान का विषय रही। इस अवसर पर रिषिकेश चौधरी कार्यकारी अधिकारी म्युनिसिपल काउंसिल जींद, गोविंद सैनी व फाउंडर अविनाश चावला, एसके गर्ग, आरके जैन, राधेश्याम चिल्लाना, नरेश सिंगला, केके चहल, राजेश जैन, अशोक गुप्ता, प्रधान तरुण जैन व पूरा रोटरी परिवार उपस्थित रहा।

## जिले को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की मिलेगी सौगात: बुआना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदीप बुआना ने कहा कि चार तथा पांच अप्रैल को सीएम नायब सैनी सफीदों और जींद में करोडों के विकास कार्यों की सौगात देंगे। जिससे जिले में और तेजी से विकास कार्य होगे। दोनों स्थानों पर सीएम की रैली को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। सीएम की रैली जिले को नई दिशा देगी। कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नही है। सीएम नायब सिंह सैनी की मुस्कान से भी विपक्षी नेताओं के पेट में दर्द होने लग जाता है। आज विपक्ष हाशिये पर जा चुका है। भाजपा सरकार में प्रदेश विकास में निरंतर आगे बढ़ रहा है। मेरिट के आधार पर नौकरी देकर भाजपा सरकार ने इतिहास पूरे देश में बनाने का काम किया है। पहले जो पर्ची व खर्ची पहले चलती थी, भाजपा सरकार बनते ही सबसे पहले खर्ची पर्ची सिस्टम को खत्म किया । योग्यता के आधार आज पढ़ाई करने वाले युवाओ को नौकरी मिल रही हैं। जींद में सड़कों का जाल बन गया है। अब न दिल्ली दूर और न ही चंडीगढ़। किसानों को फसलों पर एमएसपी का लाभ मिल रहा है। किसान, मजूदर ,कर्मचारी हर वर्ग भाजपा सरकार से खुश है।

**नशामुक्ति अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए एसपी सम्मानित**

# नशामुक्त समाज के लिए सबका सहयोग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** एसपी कुलदीप सिंह को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा जिले में नशामुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश कुमार शर्मा तथा समाजसेवी राकेश ग्रोवर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष राजकुमार भोला ने बताया कि एसपी कुलदीप सिंह के कुशल नेतृत्व एवं दिशा-निर्देश में जिले में नशामुक्ति अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान जनसंपर्क कार्यक्रम और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसके सकारात्मक परिणाम समाज में देखने को मिल रहे हैं। इन्हीं प्रयासों को देखते हुए संस्था द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर एसपी कुलदीप सिंह ने संस्था का सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल प्रशासन के प्रयासों से संभव नहीं है बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। युवाओं को सही दिशा देना और उन्हें नशे से दूर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**नशा गंभीर चुनौती**

वहीं संस्था अध्यक्ष राजकुमार भोला ने कहा कि नशा आज समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। विशेषकर युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में एसपी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में चल रहा नशामुक्ति अभियान अत्यंत सराहनीय है। उनके प्रयासों से युवाओं में जागरूकता बढ़ रही है और समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। संस्था की ओर से एसपी कुलदीप सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

## विपक्षी आंखें खोलें तो नजर आएगा उचाना का विकास : योगेश कसूहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि जो विपक्षी दलों के नेता कहते है कि सीएम की उचाना विकासी रैली में उचाना को कुछ नहीं मिला उन नेताओं को जिन विभागों में विकास कार्यों के लिए राशि मंजूर हुई है उनके पत्र भेजेंगे ताकि उन्हें पता लग सके कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में उचाना विकसित उचाना के पथ पर अग्रसर हो चुका है। विपक्ष के नेता अपनी बंद आंखे खोलें तो उन्हें उचाना में हो रहा विकास नजर आएगा। अब दो विभागों के लिए 74 करोड़ रुपए से अधिक की राशि मंजूर हो चुकी है।

**करोड़ों की राशि जल्द मंजूर होगी**

जन स्वास्थ्य विभाग के लिए 62 करोड़ जिनमें करसिंधु महाग्राम के लिए 50 करोड़, कसूहन के लिए 3 करोड़, उचाना शहर में सीवरेज पाइप लाइन के लिए 9 करोड़ की राशि है। ऐसे ही मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 12 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर हो चुकी है। हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में नई बिल्डिंग बनेगी तो अनाज मंडी में करोड़ों फड़ सहित अन्य कामों पर खर्च होंगे। ऐसे ही कई गांव-गांव को जोड़ने वाले मार्गों की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। कहा कि ये दो ही विभागों की राशि है अन्य विभागों के कामों को लेकर भी करोड़ों की राशि जल्द मंजूर होगी। जो वर्षों पुरानी उचाना के किसानों की ढाकल हैड से रजबाहा की मांग है उसको लेकर भी जल्द कमेटी बनेगी।

## खबर संक्षेप



### पीओ पकड़ो स्टाफ ने 2 भगौड़े आरोपी किए काबू

**कैथल।** पीओ पकड़ो पकड़ो स्टाफ द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई राजकुमार द्वारा वर्ष 2021 दौरान पर्स छीनने के मामले में लगातार भगौड़ा चल रहे आरोपी इंद्रा कॉलोनी रोहतक निवासी बालकिशन को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 14 जुलाई 2021 को अपने अन्य साथियों के साथ गुलमोहर सिटी कैथल के पास से एक व्यक्ति की जेब से पर्स छीनने का आरोप है।

### शादी का झांसा दे विवाहिता से 9 माह तक किया दुष्कर्म

**कैथल।** चीका क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने एक युवक पर शादी का झांसा दे शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस दी शिकायत में विवाहिता ने बताया कि उसकी साल 2025 की मार्च में गांव स्योंमाजरा निवासी सुखदेव के साथ जान-पहचान हो गई। इसके बाद उसके फोन पर बातचीत शुरू हुई और मुलाकात भी होने लगी। आरोपी ने शादी का झांसा दिया। इस दौरान उसने चीका में एक होटल में 9 माह तक शारीरिक संबंध बनाए। विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी।

### शादी का झांसा देकर भगाने का आरोपी पकड़ा

**कैथल।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने नाबालिग को शादी का झांसा दे भगाने का आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल की एक कॉलोनी निवासी महिला की शिकायत दी थी कि उसकी 15 साल की बेटी 17 मार्च की सुबह करीब 2 बजे घर से अचानक लापता हो गई। आरोप लगाया कि उसे पाई निवासी आरोपी बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस बारे सिविल लाइन थाना में केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस द्वारा नाबालिगा बरामद की जा चुकी है।

### मारपीट में परिवार के तीन लोग घायल, केस दर्ज

**कैथल।** गांव भाटिया में हुई मारपीट में एक ही परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। शिकायत में अवतार सिंह ने बताया कि वह खेती बाडी का काम करता है। उसके पास एक लडका है जिसका नाम मंगत सिंह है। उसके पास एक लडका व एक लडकी है। हमारे हमारे परिवार के प्रताप सिंह के साथ खेत मे बने बाडा को लेकर काफी दिनो से आपसी विवाद चला हुआ है।

### छात्रों के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य : डॉ. शकुंतला

**पूंडरी।** चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, पुंडरी के इंटर्नशिप सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत द्वितीय वर्ष तथा प्रथम वर्ष के पश्चात विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य की गई है। इसी दिशा में कॉलेज का इंटर्नशिप सेल सक्रिय भूमिका निभा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कंपनियों और विद्यार्थियों के बीच संवाद स्थापित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न कंपनियों को आमंत्रित किया जाता है।

### वैश्विक तनाव के बीच जिला प्रशासन की अनूठी पहल

**कैथल।** अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए कैथल जिला प्रशासन ने एक अनूठी पहल की है। डीसी अपराजिता के नेतृत्व में प्रशासन ने आमजन तक अफवाहों पर रोक लगाने के लिए सोशल मीडिया 'मीम्स' को अपनाया है। डिजिटल युग में तेजी से फैलती भ्रामक सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने पारंपरिक तरीकों से हटकर युवाओं की भाषा में संवाद स्थापित करने की रणनीति अपनाई है।

## सभी ड्रेन, नालों एवं नहरों की सफाई का कार्य 30 जून से पहले करें पूरा

# मानसून से पहले बाढ़ सुरक्षा पर पुख्ता प्रबंध करें अधिकारी: डीसी

पंप हाउस, मशीनरी और विभिन्न बाढ़ सुरक्षा कार्यों की टेंडर प्रक्रिया की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डीसी अपराजिता ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आगामी मानसून से पहले बाढ़ सुरक्षा को लेकर पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करें। सभी ड्रेन, नालों एवं नहरों की समय रहते सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा विभिन्न नहरों एवं एसटीपी आदि पर चल रहे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की बाढ़ जैसी स्थिति से बचा जा सके। सभी एसडीएम अपने स्तर पर भी बैठक करें और अपने-अपने क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा को लेकर चल रहे कार्यों की निगरानी रखें और उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा करवाएं।

डीसी अपराजिता मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में डिस्ट्रिक्ट फ्लड कंट्रोल बोर्ड की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी शॉर्ट टर्म फ्लड प्रोटेक्शन कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं और इनके टेंडर भी जारी हो चुके हैं। इन कार्यों को 10 अप्रैल से शुरू करके, उन्हें जल्द पूरा करवाएं।

डीसी अपराजिता ने कहा कि घग्गर नदी पर पंप हाउस के निर्माण कार्य और सरस्वती नदी पर दो गेट लगाने की योजना पर जल्द काम शुरू करवाया जाए। इसके अलावा सभी परियोजनाओं को शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म और लॉन्ग टर्म श्रेणियों में विभाजित कर उनकी नई रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### फर्स्ट एड का रखें पर्याप्त स्टॉक

डीसी अपराजिता ने स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग को बाढ़ संभावित क्षेत्रों में दवाओं, फर्स्ट एड और आवश्यक संसाधनों का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए। वहीं पंचायत विभाग को निर्देश दिए कि वे गांवों में तालाबों आदि की समय पर सफाई करवाएं। इसी प्रकार नगर निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि देखने में आया है कि कई स्थानों पर नालों से निकाला गया कचरा सड़कों पर ही छोड़ दिया जाता है, जिससे वह दोबारा नालों में पहुंच जाता है। इस कचरे का उचित निस्तारण निर्धारित डंपिंग साइट पर ही किया जाए। वहीं जिला राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए वे किश्ती आदि की मरम्मत करवा कर रखें।

### एसटीपी का करें निरीक्षण

बैठक में विभिन्न पंप हाउस, पाइपलाइन और उपकरणों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सिंचाई विभाग के एसई नीरज शर्मा ने डीसी को अवगत करवाया कि जिले में कुल 98 पंप उपलब्ध हैं, जिनमें 70 डीजल और 28 इलेक्ट्रिक पंप शामिल हैं। वहीं हांसी-बुटाना नहर और सरोला साइफन की सफाई का कार्य शुरू हो चुका है, जिसे भी 30 जून तक पूरा किया जाएगा। डीसी अपराजिता ने कहा कि जो पंप मरम्मताधीन हैं, सभी मरम्मत कार्यों को 31 मई तक पूरा किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने अपने क्षेत्र में बन चुके और निर्धाणाधीन एसटीपी प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण करें। इस अवसर पर एडीसी डा. सुशील कुमार, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, कैथल एसडीएम गुरविंद्र सिंह, गुहला चीका एसडीएम कैप्टन प्रमेश कुमार, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, सिंचाई विभाग के एसई नीरज शर्मा, डीआरओ चंद्र मोहन, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, डीडीपीओ रितु लाठर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा व विशिष्ट अतिथि रवि वर्मा को सम्मानित करते हुए शाखा सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## हनुमान मंदिर में हुई भव्य श्याम वंदना

# श्याम बाबा सच्ची भक्ति को करते है अवश्य स्वीकार : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फतेहपुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भारत विकास परिषद शाखा पूंडरी के तत्वावधान में श्री श्याम वंदना का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर सरपंच सोहनलाल वर्मा व समाजसेवी रवि वर्मा ने शिरकत की। अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने श्री श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि श्री श्याम बाबा सच्चे मन से की गई भक्ति को अवश्य स्वीकार करते हैं और अपने भक्तों के जीवन से दुखों को दूर कर उन्हें सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को आपसी भाईचारे व एकता के सूत्र में बांधते हैं।

### वातावरण हुआ श्याममय

इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक बहादुर सैनी (कैथल) ने श्री श्याम का संकीर्तन प्रस्तुत किया। उनके मधुर भजनों—में नचना श्याम दे नाल आज मेनू नच लेन दे" और "मुझे श्याम ने बुलाया है, दर पे उसके जाना है" —ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और पूरा वातावरण श्याममय हो गया। कार्यक्रम में फतेहपुर, पूंडरी सहित आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया।

# इंडस प्ले स्कूल में शैक्षणिक सत्र के समापन पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

- कार्यक्रम में बच्चों को निरंतर प्रयास के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** प्रधानाचार्या तन्नू पुनिया विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

इंडस प्ले स्कूल में शैक्षणिक सत्र के सफल समापन के उपलक्ष्य में परिणाम घोषणा समारोह अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा प्रथम के नन्हे विद्यार्थियों के लिए भव्य कन्वोकेशन समारोह का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या तन्नू पुनिया ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमानअभिषेक सहारण ने भी अपने प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया और सफलता के लिए परिश्रम के महत्त्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। कन्वोकेशन समारोह के दौरान कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके अगले शैक्षणिक चरण में प्रवेश की औपचारिक घोषणा की गई।

### बिजली अदालत में होगा उपाभोक्ताओं की अहम समस्याओं का समाधान

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए अप्रैल माह में लगने वाली विशेष 'उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत' का शेड्यूल जारी कर दिया गया। यह बैठकें प्रत्येक मंगलवार को पेहवा चौक स्थित यूएचबीवीएन कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएंगी। जिसकी अध्यक्षता अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया करेंगे। उन्होंने बताया कि ये अदालतें अप्रैल माह की 7, 15, 21 और 28 तारीख को लगाई जाएगी। बिजली अदालत में उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याएं जैसे गलत बिल, मीटर रीडिंग में त्रुटि, खराब मीटर संबंधी शिकायतों का समाधान होगा।

# प्रधानाचार्य सुदर्शन शर्मा 40 वर्षों की दीर्घ सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त, हुए सम्मानित

- शिक्षण कार्य समाज निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



**सीवन।** स्कूल में सुदर्शन शर्मा खंड शिक्षा अधिकारी व स्टाफ सदस्यों के साथ।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन के प्रधानाचार्य एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित सुदर्शन शर्मा 40 वर्षों की दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्यों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह के दौरान वक्ताओं ने सुदर्शन शर्मा के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में एक आदर्श शिक्षक और कुशल प्रशासक के रूप में कार्य किया। उनकी कार्यशैली, अनुशासनप्रियता और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण भाव सदैव प्रेरणादायक रहा है।

समारोह के अंत में सुदर्शन शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षण कार्य केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अपने सहकर्मियों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो सम्मान और स्नेह मिला है, वह जीवन भर उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम का समापन सम्मान समारोह और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया, जहां उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें भावुक विदाई दी।

## युवाओं के लिए खुला नौकरियों का पिटारा



**कैथल।** जिले के ग्रामीण और कम सुविधा वाले युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुल गए हैं। ताज होटल्स वाले इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आइएचसीएल) और हेड हेल्ड हाई फाउंडेशन के सहयोग से कैथल के जाट कॉलेज में चलाए गए 45 दिवसीय फ्री जॉब रेडीनेस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल 23 लड़के-लड़कियों में से 18 को अच्छी सैलरी के साथ प्राइवेट कंपनियों में नौकरी मिल गई है। यह सफलता कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला की दूरदर्शी पहल और निरंतर प्रयासों का नतीजा है। उन्होंने इस को कैथल में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आज जाट कॉलेज में सफल युवाओं को जॉब ऑफर सर्टिफिकेट सौंपे। प्रोग्राम में युवाओं को हॉस्पिटैलिटी, सर्विस और अन्य सेक्टरों में नौकरी के लिए तैयार किया गया। प्रमुख स्किल्स सिखाई गईं जिसमें कम्युनिकेशन स्किल्स, डिजिटल साक्षरता, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, वर्क रेडीनेस, लॉजिकल स्किल्स, इंटरव्यू स्किल्स हैं। इस ट्रेनिंग के बाद 23 लड़के लड़कियों ने पूरा कोर्स किया, जिनमें से 18 ने हॉस्पिटैलिटी और संबंधित क्षेत्रों में अच्छी नौकरियां हासिल कर लीं।

# राधेश्याम प्रजापति ने वाटर पार्क संचालन व कथित घोटाले पर डीसी को सौंपी शिकायत

- बिना सीएलयू और एनओसी चलाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** जिला मुख्यालय पर डीसी को दी गई शिकायत की प्रति दिखाते राधेश्याम प्रजापति। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल सर्कल के खिलाफ करोड़ों रुपए के कथित घोटाले की जांच के लिएसमाज सेवी राधेश्याम प्रजापति ने बुधवार को गैर कानूनी तौर से वाटर पार्क संचालन से संबंधित विभिन्न गंभीर विषयों को लेकर जिला मुख्यालय पर डीसी अपराजिता को शिकायत सौंपी। उन्होंने बताया कि वाटर पार्क के साथ-साथ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में गोलमाल को लेकर विभागीय विजिलेंस द्वारा जांच जारी है। इसके साथ ही डीटीपी विभाग को भी पार्क की स्थिति को लेकर शिकायत भेजी गई है। बावजूद इसके प्रशासन के नियम कायदों को चुनौती देते हुए पार्क की ओपनिंग का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बिना सीएलयू व एनओसी के चलाने का आरोप लगाया।

### सुरक्षा के लिए खतरा


उन्होंने बताया कि इसके लिए अलग-अलग विभाग से संबंधित अनुमति नहीं ली गई। यह साफ तौर से जन सुरक्षा के लिए खतरा है। इसके लिए उन्होंने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, अग्निशमन विभाग व कुछ दूसरे विभागों की बड़ी चूक करार दिया। चाहिए तो यह था कि इस प्रकार के मामले में तुरंत प्रभाव वसे भ्रष्टाचार अधिनियम व जनहित के साथ खिलवाड़ करने पर कानूनी कार्यवाही की जाती। उशिकायतकर्ता ने बताया कि जिला प्रशासन लगातार अवैध निर्माणों के खिलाफ ठोस कार्यवाही के दावे करता है। लेकिन अवैध निर्माण करते हुए व्यवसायिक रूप से पार्क का फायदा निजी क्षेत्र के लोग उठा रहे हैं। इस प्रकार की स्थिति व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

# चौदस के पावन अवसर पर श्री सनातन धर्म मंदिर ने लगाया विशाल भंडारा



**कैथल।** महाकाली के मंदिर में चौदस के अवसर पर सभा द्वारा एक भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 108 कंजकों का पूजन विधि विधान द्वारा किया गया। कंजकों के पर धुलवाए गए उनको कुमकुम से बिंदी लगाई गई और उसके पश्चात उनको माता की चुन्नी भेंट की गई। उसके पश्चात सभी कंजकों को प्रसाद खिलाया गया और हाथ धुलवाकर उनको दक्षिणा दी गई। इस अवसर पर बृजभूषण सिंगला,प्रेम सिंगला,रमेश बंसल, अरविंद खुरानिया, सज्जन गोयल, इंद्र बंसल ने श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद वितरण कर उनको प्रसाद दिया। नवरात्रों में चौदस का यह दिन मां भद्रकाली के लिए बड़ा महत्वपूर्ण है। जो व्यक्ति मां की पूजा आराधना करता है प्रसाद प्राप्त करता है मां उसकी मनोकामना पूर्ण करती है

## राजकीय स्कूल ग्योंग में मनाया प्रवेश उत्सव



**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व राजकीय प्राथमिक पाठशाला ग्योंग में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 5 से पास हुए छात्रों को 6वीं कक्षा में लाया गया या फूल माला पहना कर या तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। मंच का संचालन फिजिकल एजुकेशन लेक्चरर अनूप धीमान के दवारा किया गया। सभी स्टाफ के साथ घर-घर जाकर सरकारी विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ-साथ मम्मी पापा हमें पढ़ाओ सरकारी स्कूल में नामांकित दिलाओ के नारे लगाए। इसके साथ-साथ यह भी जानकारी दी गई थी सरकारी स्कूलों में सभी मूल सुविधाएं मिलती हैं। इसमें वर्दी, किताबें, मिड डे मिल यहां सब कुछ मुफ्त होता है। इस मौके पर यतेंद्र, मीना शर्मा, अनूप धीमान, मोहन लाल, सिल्की रानी, डिंपल नीलम रानी अनिल कुमार रणदीप सिंह, श्रुति गुप्ता, सोनिया, ओम प्रकाश, संजीव कुमार, पवन कुमार, चांद सिंह, पूनम, रेणु बाला आदि उपस्थित रहे।

## डीसी ने चीका अनाज मंडी, एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

# मंडी में फसल खरीद व्यवस्था एवं साफ सफाई पर ध्यान दें अधिकारी: उपायुक्त

सीसीटीवी कंट्रोल व कंप्यूटर रूम और अटल कैंटीन में खाने की गुणवत्ता की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



**गुहला चीका।** उपायुक्त अपराजिता अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए।

डीसी अपराजिता ने बुधवार को गुहला क्षेत्र का दौरा करते हुए चीका अनाज मंडी, एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। डीसी ने सबसे पहले मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचकर गेहूं खरीद कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम और कंप्यूटर रूम का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद अटल कैंटीन का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की और निर्देश दिए कि खाने की गुणवत्ता बेहतर हो तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। ई-खरीद कक्ष में डीसी ने फसल खरीद प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली और स्वयं कंप्यूटर पर बैठकर ई-खरीद प्रणाली के तहत किसानों के बायोमेट्रिक विवरण की जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीद कार्य पूरी पारदर्शिता व नियमों के अनुसार किया जाए। इस दौरान मार्केट कमेटी सचिव सतबीर राविश ने कर्मचारियों से संबंधित जानकारी दी। मंडी के दौरे के दौरान डीसी ने अंदर की सड़कों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई और मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश देते हुए जल्द मरम्मत कराने को कहा। उन्होंने मंडी में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, कूड़ा जमा न होने देने तथा सीसीटीवी कैमरे, शौचालय, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम को मंडियों और खरीद केंद्रों की निगरानी के निर्देश भी दिए।

## खबर संक्षेप



### आढ़तियों ने दुकानों पर की पूजा-अर्चना

**उचाना।** 1 अप्रैल को आढ़तियों द्वारा अपनी दुकानों पर पूजन किया। दुकानों पर पूजन के बाद बरसात भी आस-पास की दुकानों पर जाकर बांटा। 1 अप्रैल से माना जाता है कि जो हिसाब-किताब दुकानों पर होता है उसकी नए सिरे से शुरूआत होती है। इस दिन दुकानों पर विधि विधान से पूजा-अर्चना की जाती है।

### प्रताड़ित करने के मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** दहेज के लिए प्रताड़ित करने के अलग अलग 2 मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में कैथल की एक कॉलोनी निवासी युवती के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में सिटी थाना पुलिस की लेडी एचसी सुनील ने पीड़िता के ससुर सेक्टर 122 मोहाली पंजाब निवासी रामकरण व सास रानी देवी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पीड़िता की शादी 11 नवंबर 2017 को राजकुमार के साथ हुई थी। उसके ससुराल जनों द्वारा शादी के बाद उसको दहेज की मांग करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

### असला सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के एएसआई अशोक कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर सिरटा रोड़ ड्रैन पुल के पास दबिश देकर आरोपी महादेव कॉलोनी कैथल निवासी गौरव को काबू किया गया था। आरोपी गौरव के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ था। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी गौरव को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### घर से अंगूठी व नकदी चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** खेड़ी रायवाली निवासी सुदेश ने बताया कि 30 मार्च की सुबह करीब 9:30 बजे वह पशुओं के काम से दूसरे प्लॉट में गई हुई थी। इस दौरान राहुल उनके घर आया। घर में उस समय उसकी बहु रसोई में काम कर रही थी। इसी बीच पोती ने देखा कि राहुल अलमारी से सामान निकाल रहा है। बच्ची ने तुरंत अपनी मां को आवाज लगाई, लेकिन तब तक आरोपी अलमारी से 5 हजार रुपए नकद और करीब 5 ग्राम सोने की अंगूठी निकालकर मौके से फरार हो गया।

### इस माह ऑपरेशन स्माइल अभियान चलाया जाएगा

**कैथल।** हरियाणा पुलिस द्वारा अप्रैल माह के दौरान 'ऑपरेशन स्माइल' अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य गुमशुदा, बाल मजदूरी या अन्य प्रकार से शोषित बच्चों व महिलाओं को ढूंढकर उनके परिजनों से मिलाना है, ताकि उनकी खोई हुई मुस्कान वापस लाई जा सके।

### एसपी से मिली भाजपा नेत्री निधि मोहन

**पूंडरी।** नवयुक्त दिशा कमेटी की सदस्य और भाजपा नेत्री निधि मोहन ने कैथल जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सुदान से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान निधि मोहन ने उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### डीसी 6 को करेंगी सरपंचों के साथ बैठक

**कैथल।** डीडीपीओ रितु लाठर ने बताया कि आगामी छह अप्रैल को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय के सभागार में जिले की सभी महिला सरपंचों की विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता स्वयं डीसी अपराजिता द्वारा की जाएगी, जिसमें ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

---

# चार श्रम संहिताओं के खिलाफ कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

## काला रिबन बांधकर काला दिवस मनाया

- नियोक्ताओं के उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों और एसोसिएशनों के मंच ने ट्रेड यूनियनों से आह्वान पर 1 अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाया।

नगर पालिका, बिजली, मैकेनिकल, रोडवेज, राज्य स्व विभाग, पैक्स, बी एंड आर, फायर विभाग, फोरेस्ट व शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने लंच टाइम मे काले रिबन बाध कर गेट मीटिंगे की ओर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करके चारो श्रम संहिताओ को वापिस लेने की मांग की गेट मीटिंगो मे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए एसकेएस जिला प्रधान ओमपाल भाल, जिला सचिव शिवचरण, वरिष्ठ उपप्रधान छ्ज्जू राम, ब्लॉक प्रधान सुरेन्द्र कुमार पहलवान, सचिव सुरेश कुमार, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव मा रामपाल शर्मा व क्लास फोर युनियन के राज्य महासचिव कपिल सिरोही ने कहा कि 1 अपैल चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन हेतु केंद्रीय नियमों की अधिसूचना के लिए पहले से घोषित तिथि है। इन चार श्रम संहिताओ को लागू करने के पिछे केंद्र सरकार का मक़सद आर्थिक उदारीकरण की नितियो को तेज गति से लागू करने जिनके जारी रहने से पहले की बेरोज़गारी, महंगाई ओर भ्रष्टाचार लगातार बढ रहा ह ओर अमीर व गरीब के बीच खाई गहरी हुई ह ओर ये चार श्रम संहिताऐ इसे ओर गहरा करेगी। ट्रेड यूनियनें लगातार इन श्रम-विरोधी, नियोक्ता समर्थक श्रम संहिताओं का विरोध करती रही हैं, जिन्हें तथाकथित 'श्रम सुधार' और "इज ऑफ डूइंग बिजनेश" के नाम पर लाया गया है। 12 फरवरी की ऐतिहासिक आम हडताल के बाद भी केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं को वापस लेने या इस मुद्दे पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ कोई सार्थक बैठक करने से बच रही है। वर्तमान केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं के माध्यम से इन उपलब्धियों को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इन संहिताओं में ऐसे कठोर और दमनकारी प्रावधान हैं, जिनसे यूनियन बनाना कठिन, पंजीकरण मुश्किल और निरस्तीकरण आसान हो जाएगा।

नियोक्ताओं के उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा रहा है, जबकि ट्रेड यूनियन गतिविधियों को दंडनीय बनाया जा रहा है। कार्य समय की सीमा को खुला छोड़ दिया गया है।




**कैथल।** नारेबाजी करते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

आज गेट मीटिंगो मे रामफल दयोहरा, शीशराम, रमेश कुमार पाड़ला, सावित्री, कृष्ण कुमार जागंडा, अमित कुंड, शिया दत्त, सन्नी पटवारी, प्रदीप कुमार लोहान, खजान कौशिक, सुमन, विजय शर्मा, राज कुमार, अमर नाथ किठानिया, महेन्द्र कुमार बिड़लान, विक्की टांक, सुरेन्द्र कुमार खटकड, बलिंद्र कुमार, कुलदीप माजरा, पवन कुमार कसान व अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए।

---

# मजदूरों ने काला दिवस मनाते हुए किया प्रदर्शन




**जींद।** काला दिवस मनाते हुए मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए मजदूर।

- चार लेबर कोड्स को रद्द करते हुए पुराने श्रम कानून बहाल किए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय में बुधवार को मजदूरों, सेवारत कर्मियों और सेवानिवृत कर्मियों ने काला दिवस मनाते हुए प्रदर्शन किया और केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबारी की। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया धरने की अध्यक्षता संयुक्त रूप से संजीव ढांडा, रमेश चंद्र, सतबीर और सतीश बड़ौदा ने की।

मंच का संचालन कपूर सिंह द्वारा किया गया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार लगातार श्रमिक वर्ग के अधिकारों पर हमला कर रही है।

उन्होंने मांग की कि चार लेबर कोड्स को रद्द किया जाए और पुराने श्रम कानून बहाल किए जाएं। ग्रामीण विकास और रोजगार के लिए मनरेगा योजना को पूरी पारदर्शिता और बजट के साथ बहाल की जाए। वी बी जी रामजी ग्रामीण विरोधी योजना को तुरंत रद्द किया जाए। रिटायर्ड कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य लंबित मांगों को पूरा किया जाए। सीटू नेता कपूर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की हठधर्मिता के कारण आज समाज का हर वर्ग चाहे वह मजदूर हो, कर्मचारी हो या बुजुर्ग, सड़कों पर उतरने को मजबूर है।

---

# विधायक ने जनसंपर्क अभियान के दौरान दिया रैली का निमंत्रण

- क्षेत्र के लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित मांग पत्र विधायक को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विधानसभा क्षेत्र सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने बुधवार को पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए आमजन की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित मांग पत्र विधायक को सौंपे। जिन्हें उन्होंने गंभीरता से स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक रामकुमार गौतम ने लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी परेशानियों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिएए ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर विधायक रामकुमार गौतम ने आगामी चार अप्रैल को सफीदों की नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धन्यवाद एवं विकास रैली में अधिक में अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह रैली क्षेत्र के विकास की दृष्टि से ऐतिहासिक साबित होगी। क्योंकि इसमें करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जाएगा।



**जींद।** रैली का न्यौता देते हुए विधायक।

---

### फसल बेचने के समय भाजपा सरकार लाती है किसान विरोधी नियम

**जींद।** सर्वजातीय कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला ने कहा कि जब भी किसान की फसल पक कर तैयार हो जाती है और उसको मंडी में बेचने के लिए ले जाया जाता है। उस समय बीजेपी सरकार सरकार किसान, मजदूर विरोधी नियम लेकर आ जाती है जो बिल्कुल गलत है। वैसे तो हरियाणा बीजेपी सरकार फसल बेचने को लेकर भ्रष्टाचार मुक्त होने का ढोंग रचती है। परंतु सरकार की नाक के नीचे हरियाणा की अनाज मंडियों में दिन प्रतिदिन बड़े-बड़े घोटाले उजागर हो रहे हैं और उच्च अधिकारी सरकार से मिलीभगत करके उन घोटालों की जांच की लीपापोती कर देते हैं और जिसका शिकार दिन प्रतिदिन किसान हो रहा है। यदि सरकार सच में भ्रष्टाचार मुक्त होकर किसान की फसल खरीदना चाहती है तो हरियाणा की प्रत्येक मंडी में खरीददारी हरियाणा उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जज की देखरेख में करवाई जाए।

---

# मंडी में पहुंचकर गेहूं खरीद के प्रबंधों का लिया जायजा

## एसडीएम, कमेटी चेयरमैन पहुंचे मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गेहूं की खरीद शुरू होने पर इंतजामों का जायजा लेने के लिए एसडीएम रमित यादव, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने उचाना मंडी, परचेज सेंटरों का दौरा किया। यहां पर खरीद के इंतजामों को लेकर जानकारी ली।

आढ़तियों के साथ मीटिंग करने के साथ-साथ किसानों को किसी तरह की परेशानी फसल के सीजन में न हो इसको लेकर दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के निजी सचिव अशोक कुमार भी साथ में मौजूद रहे। उचाना पुरानी मंडी, हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी, छात्तर सब यार्ड, काब्रच्छा, घोघडिय़ा, धनखड़ी परचेज सेंटरों पर गेहूं की खरीद होगी। यहां पर बिजली, पानी, सफाई सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। एसडीएम ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार सभी मंडियों के दौरे करने विधायकों को निर्देश था। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के उपस्थित नहीं होने के कारण उनके निर्देश पर दौरा किया। लिफ्टिंग, बारदाना, गेटपास सहित पर चर्चा की। गेट पास को लेकर मार्केट कमेटी सचिव को निर्देश दिए गए है कि किसानों को गेट पास को लेकर किसी तरह की समस्या न हो इसको लेकर एक सिफ्ट में 20 लोगों को ड्यूटी लगाए ताकि अधिक से अधिक गेट पास कटे। प्रशासनिक तौर पर जितनी होगी उतनी कोशिश रहेगी किसी तरह की समस्या अगर हो तो उसका समाधान तुरंत हो। जो समस्याएं सर्वर से संबंधित है वो यहां समाधान नहीं हुआ तो उनके समाधान के लिए चंडीगढ़ मुख्यालय भेज दी जाएगी ।



**उचाना।** कपास मंडी में गेहूं की खरीद को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम रमित यादव एवं मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।

---

# सीएम 5 को रोहतक रोड का करें दौरा : गोयल

- अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने की सीएम से अपील

**जींद ।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के पांच अप्रैल को प्रस्तावित जींद दौरे से पहले शहर का प्रमुख रोहतक रोड एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने दौरे के दौरान इस बदहाल रोहतक रोड का स्वयं निरीक्षण करें और जमीनी हकीकत देखें। गोयल ने कहा कि देवीलाल चौक से लेकर रोहतक रोड बाईपास तक करीबन दो किलोमीटर लंबी यह सड़क आज पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। चार साल पहले लंबे संघर्ष, धरनों और व्यापारियों द्वारा बाजार बंद रखने जैसे बड़े आंदोलनों के बाद इस सड़क का निर्माण हुआ था लेकिन हैरानी की बात यह रही कि बनने के कुछ समय बाद ही सड़क फिर से टूटने लगी। तब इस मामले को लेकर प्रदेश के सभी 90 विधायकों को पत्र भी लिखे गए थे। उस समय विधायकों की एक टीम ने मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में खामियों को स्वीकार किया था लेकिन इसके बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। आज हालात ये है कि जगह-जगह गहरे गड्ढेए दरारें और पैचवर्क ने इस सड़क को बदहाल बना दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस सड़क पर लगे पैच इतने अधिक हैं कि यह अपने आप में एक रिकॉर्ड बन चुका है। इस दो किलोमीटर लम्बी सड़क पर अपनी कमियों को ढकने के लिए संबंधित विभाग अभी तक एक हजार से ज्यादा गड्ढों को भर चुका है।

---

# अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, सीखने की प्रक्रिया को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार बुधवार जिले के सभी 423 प्राथमिक विद्यालयों में एक साथ अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, सीखने की प्रक्रिया और विद्यालय की गतिविधियों से जोडन्ना रहा।

बैठक के दौरान कक्षा बालवाटिका से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों को होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया गया। इस कार्ड में विद्यार्थियों के पूरे वर्ष के सीखने की उपलब्धियों, व्यवहार, सहभागिता और रचनात्मकता का विस्तृत विवरण शामिल है। साथ ही, इसमें उन क्षेत्रों का भी उल्लेख किया गया है। जिनमें विद्यार्थियों को और सुधार की आवश्यकता है। यह रिपोर्ट कार्ड पारंपरिक अंकों के बजाय बच्चों की समग्र प्रगति पर आधारित है, जिससे अभिभावक अपने बच्चों की वास्तविक सीखने की स्थिति को बेहतर ढंग से समझ सकें। पीटीएम के दौरान विद्यालयों में माता-पिता के लिए मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं, परिणाम घोषणा समारोह, होलिस्टिक कार्ड वितरण, निपुण लक्ष्य और मैं भी निपुण जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए अभिभावक।

---

## ट्रैक्टरों तथा गाड़ियों के काफिले से गांव के दादा खेड़ा पर लाया गया

# बीएसएफ से सेवानिवृत एसआई राजबीर का स्वागत

- 38 साल की देश सेवा के दौरान कई राज्यों में रही पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव जुलानी निवासी राजबीर सहारण के बीएसएफ से सब इंस्पेक्टर पर पद से सेवानिवृत होकर पैतृक गांव पहुंचने पर परिजनों तथा ग्रामीणों ने स्वागत किया।

चंडीगढ़ बीएसएफ हेडक्वाटर से सेवानिवृत होकर पहुंचे राजबीर सहारण को ट्रैक्टरों तथा गाडियों के काफिले से गांव के दादा खेड़ा पर लाया गया। पूजा अर्चना के बाद अपने से बडों को आशीर्वाद लिया। जिसके बाद वे अपने पैतृक आवास पर पहुंचे। जहां पर महिलाओं ने मंगल गीत गाए और सेवानिवृति पर सामूहिक भोज भी आयोजन किया गया। छह जून 1988 मे राजबीर सहारण बीएसएफ मे सिपाही के पद भर्ती हुए। 38 वर्षों की देश सेवा के बाद गत 31 मार्च को सब इंसपेक्टर पद से सेवानिवृत हुए। उनका बडा बेटा भी बीएएसएफ में देश सेवा कर रहा है। राजबीर सहारण देश सेवाकाल के दौरान जम्मू कश्मीर, असम, त्रिपुरा, असम, पश्चिमी बंगाल, मेघालय, पजांब समेत कुछ अन्य राज्यों में तैनात रहे। राजबीर सहारण ने कहा कि देश सेवा सबसे बड़ी सेवा है। अब वे अपना समय समाजसेवा को देंगे। युवाओं को अनुशासन में रहने तथा नशे प्रति जागरूक करेंगे। ताकि समाज का उत्थान हो सके। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि रूद्राक्ष मिड्ढा, जिला परिषद प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा, माजरा खाप के प्रधान सरदार गुरविंद्र सिंह, जगबीर सहारण समेत काफी संख्या मे गण मान्य लोग मौजूद रहे।





**जींद।** सेवानिवृति पर स्वागत करते हुए माजरा खाप प्रतिनिधि तथा जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा।

---

## न्यूज डायरी

### गोसेवा समाज व संस्कृति की रक्षा का आधार: दीपक

**ढांड।** सेवा ही परमो धर्म" के पावन संकल्प को साकार करते हुए श्रीकृष्ण गौशाला सेवा समिति, ढांड के प्रांगण में भव्य हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति-भाव से ओत-प्रोत कर दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण और आहुतियों के साथ श्रद्धा, आस्था और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। गौवंश की रक्षा, जन-कल्याण, क्षेत्र की समृद्धि एवं विश्व शांति की मंगल कामना के साथ संपन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आहुतियां अर्पित कीं। हवन-यज्ञ का विधिवत संचालन राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी पंडित कविराज शर्मा ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया। इस अवसर पर गौशाला सेवा समिति के प्रधान दीपक शर्मा एवं कैशियर मा. ईश्वर शर्मा ने कहा कि गौसेवा केवल एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों की रक्षा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि समिति निरंतर प्रयासरत है कि गौशाला में रह रहे गौवंश को उत्तम चारा, स्वच्छ पानी, समुचित चिकित्सा एवं सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाए।

### राजकीय स्कूल कलायत में छात्राओं का किया स्वागत

**कलायत।** कलायत के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में सरकार के दिशा निर्देश अनुसार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसके तहत स्कूल में आने वाली छात्राओं का तिलक लगाकर शिक्षिकाओं ने अभिनंदन किया। आयोजन की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा.रामगोपाल शर्मा द्वारा की गई। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा सभी युगों में समाज की जरूरत रही है। फूस की झोपड़ी से होते हुए शिक्षा का दौर आज भव्य भवनों में पहुंच गया है। शिक्षा समाज व व्यक्ति के विकास का आधार है। सभी के लिए शिक्षा के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं। प्रवेश उत्सव के माध्यम से सरकारी विद्यालय में निशुल्क शिक्षा के रूप में कक्षा एक से बारहवीं तक दाखिला प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। इसलिए सभी अभिभावकों से प्रवेश के प्रति गंभीरता दिखाते हुए बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की जा रही है। विद्यालय में पांचवी पास करके आई छात्राओं का माला व तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय में उपलब्ध किताबें प्रदान की गई। सरकारी विद्यालयों में सभी प्रकार की सुविधा सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, गुरनाम सिंह, वीपी राणा, सीमा, सुमन, जसविंदर, कपिल देव शास्त्री, संतोष सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### मेहनत व अनुशासन से ही मिलती है सफलता: सीमा

**ढांड।** राजकीय उच्च विद्यालय, जाजनपुर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेविका सीमा मेहरा ने विद्यार्थियों को कॉपी एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही वह समय होता है, जब भविष्य की मजबूत नींव रखी जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। मुख्याध्यापक शीशपाल ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज के लोग शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करते हैं, तो इससे बच्चों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

### जिले में पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं

**कैथल।** जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक वरिंद्र सिंह ने कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है। साथ ही यह भी साफ किया है कि ईंधन वितरण पर किसी प्रकार की कोई कैप (सीमा) लागू नहीं की गई है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि पेट्रोल, डीजल और गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी तथा अनाधिकृत उपयोग को रोकने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन लेने का आग्रह किया है।